>

Title: Need to expedite construction of National Highway No. 28 between Lucknow and Muzaffarpur.

श्री अरविन्द कुमार चौधरी (बस्ती): राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 28 लखनऊ से मुजफ्फरपुर मार्ग ताज स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के अंतर्गत बनना प्रस्तावित है तथा जिसका निर्माण कार्य जारी है। यह मार्ग हमारे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अयोध्या से होते हुए कटरा बाजार जिला बस्ती उत्तरप्रदेश को आता है। इस राजमार्ग के निर्माण में मानकों के अनुरूप सामग्री उपयोग में नहीं लाई जा रही है तथा सड़क निर्माण के दौरान आने-जाने वालों के लिए आवाजाही हेतु जो स्थान उपलबध कराया जाना चाहिए था, वह अभी तक ठीक तरह से नहीं छोड़ा गया है, जिसके परिणामस्वरूप आने-जाने वालों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और आये दिन वहां पर गंभीर दुर्घटनाएं हो रही हैं तथा मार्ग जाम से अवरूद्ध हो जाता है। इस राजमार्ग का निर्माण दिसम्बर, 2008 में सम्पन्न होने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन काफी समय व्यतीत हो जाने के पश्चात भी निर्माण कार्य बहुत धीमी गति से चल रहा है, जिससे भविष्य में भी इस कार्य के शीघ्र सम्पन्न होने की आशा नहीं है और इस कारण निश्चित रूप से मार्ग की लागत बढ़ेगी जो जनहित व देशहित में नहीं है।

केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि उपयुक्त राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य तीव्र गति से सम्पादित कराने हेतु संबंधित मंत्रालय/िवभाग को उचित कार्यवाही हेतु निर्देशित करने की कृपा करें।